माँ शाकुम्भरी विश्वविद्यालय, सहारनपुर

(पुँवारका, सहारनपुर, उ0प्र0, पिन–247120)

Website- msuniversity.ac.in Email ID –registrar@msuniversity.ac.in

पत्रांक 872/प्रवेश /MSU/ 2023–24 दिनांक : 17-08-2023

प्रेस विज्ञप्ति

एतदद्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मॉ शाकुम्भरी विश्वविद्यालय सहारनपुर से सम्बद्व समस्त महाविद्यालयों/ संस्थानों में संचालित परास्नातक एवं एम0एड0/एल0एल0एम0/ बी0पी0एड0/ एम0पी0एड0 स्तर के सभी पाठयक्रमों में सत्र 2023–24 में प्रवेश हेतु आनलाईन पंजीकरण दिनांक 17.08.2023 से प्रारम्भ हो रहे हैं। अतः इच्छुक अभ्यर्थियों को सूचित किया जाता है कि वह अपना आनलाईन पंजीकरण वैबसाईट www.msuniversity.ac.in पर दिये गये लिंक पर जाकर कराना सुनिश्चित करें। प्रवेश हेतु ऑनलाईन पंजीकरण अनिवार्य है। पंजीकरण कराने के पश्चात अभ्यर्थी इस पंजीकरण का प्रिंटआउट/फोटोप्रति सम्बन्धित आवश्यक पत्राजात के साथ पाठयक्रम से सम्बन्धित महाविद्यालयों /संस्थानों में पंजीकरण करायेगा।

अभ्यर्थी एक से अधिक पाठयकम/महाविद्यालय में पंजीकरण करा सकता है। विश्वविद्यालय वैबसाईट लिंक पर जाकर आनलाईन पंजीकरण दिनांक 31.08.2023 तक कराना सुनिश्चित करें। एम0एड0 पाठयक्रम में प्रवेश परीक्षा के माध्यम से प्रवेश होगें। अतः प्रवेश परीक्षा के परिणाम घोषित होने के उपरान्त ही पंजीकरण के प्रिंटआउट एवं प्रवेश परीक्षा के स्कोर कार्ड के साथ अभ्यर्थी सम्बंधित महाविद्यालय /संस्थान में पंजीकरण करायेगा। बी0पी0एड0 एवं एम0पी0एड0 पाठयक्रमों में प्रवेश शारीरिक दक्षता परीक्षण के आधार पर होगें।

17-08-2023

प्रो0 (नरेश कुमार मलिक)
प्रवेश समन्वयक
मॉ शाकुम्भरी विश्वविद्यालय, सहारनपुर
एवं
प्राचार्य, चौ0 छोटूराम स्नातकोत्तर महाविद्यालय, मुजफ्फरनगर।

प्रतिलिपि :– निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित ।

1. मा0 कुलपति जी को सूचनार्थ एवं अवलोकनार्थ।
2. वित्त अधिकारी जी को सूचनार्थ।
3. कुलसचिव जी को सूचनार्थ।
4. सहायक प्रवेश समन्वयक को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु ।
5. समस्त प्राचार्य/प्राचार्या /निदेशक , मॉ शाकुम्भरी विश्वविद्यालय सहारनपुर से सम्बद्व महाविद्यालयों/संस्थान को सूचनार्थ एंव आवश्यक कार्यवाही हेतु।
6. समस्त स्थानीय प्रेस प्रवक्ताओं को इस आशय से कि वे छात्र हित में अपने प्रतिष्ठित समाचार पत्र में निशुल्क प्रकाशित करने हेतु।
7. विश्वविद्यालय अधिकृत एजेन्सी को सूचनार्थ एवं तदानुसार आवश्यक कार्यवाही हेतु।

17-08-2023

प्रो0 (नरेश कुमार मलिक)
प्रवेश समन्वयक